# श्री सुनील शर्मा, उप महानिदेशक एवं राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी ने दिनांक 09, जुलाई, 2024 को श्री मनोज कुमार सिंह, मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन से शिष्टाचार भेंट का विवरण

श्री सुनील शर्मा, उप महानिदेशक एवं राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी ने दिनांक 09, जुलाई , 2024 को नवनियुक्त मुख्य सचिव, श्री मनोज कुमार सिंह, उत्तर प्रदेश शासन से शिष्टाचार भेंट की।

इस दौरान उन्होंने एन०आई०सी०,उत्तर प्रदेश द्वारा महत्वपूर्ण ई-गवर्नेंस परियोजनाओं के बारे में चर्चा की। मुख्य सचिव महोदय ने एन०आई०सी०, उत्तर प्रदेश की भूमिका एवं प्रदेश सरकार के महत्वपूर्ण ई-गवर्नेंस परियोजनाओं को सफलतापूर्वक क्रियान्वित करने हेतु सराहना की गयी।




( श्री सुनील शर्मा, राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी एवं श्री मनोज कुमार सिंह, मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन )

उन्होंने अवगत कराया कि मा०मुख्यमंत्री जी के निर्देशानुसार प्रदेश में अन्तिम पायदान पर बैठे व्यक्ति को तकनीकी माध्यम से ( बिचौलियों के हस्तक्षेप के निर्मूलन हेतु ) सरकारी योजनायों का लाभ प्रदान करने की दिशा में एन०आई०सी०उत्तर प्रदेश से और अधिक अपेक्षाएं है। उक्त के दृष्टिगत प्रदेश सरकार के राज्य एवं जिला स्तर की ई-गवर्नेंस परियोजनाओ को क्रियान्वयन किये जाने हेतु एन०आई०सी०, उत्तर प्रदेश पर पूर्णतया निर्भर है।

राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी ने पावर पॉइंट प्रेज़न्टैशन के माध्यम से प्रस्तुतीकरण किया तथा अवगत कराया कि एन०आई०सी०, उत्तर प्रदेश उत्तर प्रदेश शासन के लगभग समस्त विभागों में राज्य एवं जिला स्तर पर अपनी सेवाएं 24x7 आधार पर पूरी तत्परता से प्रदान कर रही है और सभी महत्वपूर्ण विभाग जैसे- माननीय मुख्यमंत्री कार्यालय, विधान सभा, विधान परिषद्, मा० हाई कोर्ट, राजस्व परिषद्, उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, आबकारी, गृह, वित्त, सहकारिता, परिवहन, महिला एवं बाल विकास, राज्य संपत्ति, सेवायोजन, कृषि उत्पादन आयुक्त, खाद्य एवं रसद

विभाग, कृषि, चिकित्सा, शिक्षा, समाज कल्याण, न्याय, उद्योग, होमगार्ड, आयुष, स्टाम्प और पंजीकरण, अभिलेखागार, अल्पसंख्यक कल्याण, खनिज, नगर विकास, ग्राम्य विकास, राज्य उपभोक्ता फोरम, राहत, प्रशासनिक सुधार, सैनिक कल्याण इत्यादि एवं इन विभागों के विभिन्न प्रोजेक्ट्स एन०आई०सी०, उत्तर प्रदेश द्वारा सफलतापूर्वक क्रियान्वित किये जा रहे है।

इसके अतिरिक्त महत्वपूर्ण ई-गवर्नेंस फ्रेमवर्क जैसे ई-ऑफिस, मानव सम्पदा, ई-डिस्ट्रिक्ट, ई-टेंडर, ई-प्रोक्योरमेंट, ई-ग्रंथालय, आधार आधारित उपस्थिति इत्यादि विभागों में क्रियान्वित की जा रही है। इसके अतिरिक्त भारत सरकार एवं एन०आई०सी० मुख्यालय द्वारा अन्य महत्वपूर्ण उत्तरदायित्व जैसे CAA व NTA में भी राज्य एवं जिले स्तर के एन०आई०सी० अधिकारीगण की भूमिका निर्धारित की गयी है जिसको एन०आई०सी०, उत्तर प्रदेश इनसे संबधित कार्यो को भी समय से पूर्ण करवाने हेतु बाध्य होती है।

उपरोक्त के अतिरिक्त एन०आई०सी० द्वारा अनवरत विडिओ कोंफेरेंसिंग एवं नेटवर्क सेवाओं हेतु तकनीकी सहयोग भी प्रदान किया जा रहा है।

उक्त बैठक में मुख्य सचिव कार्यालय के अन्य अधिकारीगण एवं एन०आई०सी० उत्तर प्रदेश राज्य केंद्र के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

मुख्य सचिव महोदय ने आश्वस्त कराया कि राज्य सरकार से एन०आई०सी० की जो भी आवश्यकताएं है, उसे पूरा करने के हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

****